$xyzxyz = 823p2q$

दोनों पक्षों की तुलना करने पर,

$\Rightarrow \quad x = 8, y = 2, z = 3$

$\therefore \quad p = 8, q = 3$

इसलिए वह संख्या 823823 है।

अब

अभीष्ट मान $= (p - q)$
$= (8 - 3)$
$= 5$

अभीष्ट मान 5 है।

134. (D) x 35624, 11 से विभाज्य है तब

$-(x + 5 + 2) + (4 + 6 + 3)$
$= -(x + 7) + (13)$
$= 13 - x - 7$
$= 6 - x$

$\Rightarrow \quad 6 - x = 0$
$\Rightarrow \quad x = 6$

1257y 4 को 72 से विभाजित कर सकते हैं, तब 1257y 4, 8 व 9 से विभाज्य होगा।

$\Rightarrow \quad 7y$ 4, 8 से विभाज्य होगा।

और 1257y 4, 9 से भी विभाज्य होगा तब

$1 + 2 + 5 + 7 + y + 4 = 19 + y = 9$ का गुणक जो 19 से बड़ा हो।

$\Rightarrow \quad 19 + y = 27$
$y = 27 - 19 = 8$

$\therefore \quad 5x - 2y = 5 \times 6 - 2 \times 8$
$= 30 - 16 = 14$

135. (D) 1005x 4, 8 से विभाज्य है। तब, 5x4, 8 से विभाज्य होगा।

अतः $x = 0$ रखने पर 504, 8 से विभाज्य हो जाता है।

$\therefore$ x का छोटा पूर्णांक = 0

136. (B) संख्या 687x29, 9 से विभाज्य तब होती है, जब संख्या के अंकों का योग 9 से विभाज्य हो।

$\therefore 6 + 8 + 7 + x + 2 + 9 = 32 + x$

$x = 4$ रखने पर संख्या 9 से विभाज्य है।

$\therefore \quad 32 + 4 = 36$ जोकि 9 से विभाज्य है।

$\therefore \quad 2x = 2 \times 4 = 8$

अतः विकल्प (B) सही है।

137. (A) संख्या 2365*4 के 4 से विभाज्य होने के लिए संख्या के पीछे के दो अंक 4 से विभाज्य होने चाहिए।

विकल्प (A) से, * = 8 रखने पर,

$\therefore$ * 4 = 84 जोकि 4 से विभाज्य है।

अतः विकल्प (A) सही है।

138. (B) दी गई संख्या 72 से विभाज्य है।

अतः यह 4, 8 और 9 से भी विभाजित होगी।

4 से विभाजित होने के लिए अन्तिम दो संख्याएँ भी 4 से विभाजित हों। अतः

y की सम्भावित संख्या = 0, 4, 8

8 से विभाज्य होने के लिए अन्तिम 3 संख्याएँ 8 से विभाजित हों।

अतः $y = 4$

9 से विभाजित होने के लिए संख्याओं का योग भी 9 से विभाजित हो।

अतः $9 + 8 + 5 + x + 3 + 6 + 7 + 8 + y$
$= 46 + x + y$
$= 50 + x$

50 से अधिक 54 वह संख्या है जो 9 से पूर्णतः विभाजित होती है।

$\therefore$ $x = 50$ से अधिक 54 वह संख्या है जो 9 से पूर्णतः विभाजित होती है।

अतः $4x - 3y = 16 - 12 = 4$

139. (A) संख्या 2094x 843 y2, 88 से विभाज्य है।

अतः यह संख्या 11 तथा 8 से भी विभाज्य होगी।

3y2, 8 से विभाज्य है। अतः $y = 1, 5$ या 9

11 से विभाजन के लिए संख्या के सम एवं विषम स्थानों के अंकों के योग का अन्तर 0 या 11 का गुणज होगा।

अतः

$(2 + 9 + x + 4 + y) - (0 + 4 + 8 + 3 + 2)$
$= 0$ या 11

$\Rightarrow (15 + x + y) - 17 = 0$ या 11

$\Rightarrow \quad x + y - 2 = 11$

यदि $y = 1$

तब, $x + 1 - 2 = 11$ या 0

$\Rightarrow \quad x - 1 = 0$

$\Rightarrow \quad x = 1$

यदि $y = 5$

तब, $x + 5 - 2 = 11$

$\Rightarrow \quad x + 3 = 11$

$\Rightarrow \quad x = 8$

$\therefore \quad (5x - 7y) = (5 \times 8 - 7 \times 5)$
$= (40 - 35)$
$= 5$

140. (C) संख्या को 88 से विभाजित होने के लिए 8 व 11 दोनों से विभाजित होना होगा।

अतः 8 से विभाजित करने के लिए अंतिम 3 अंकों की संख्या 8 से पूर्ण भाज्य है।

अतः $4y2$, 8 से पूर्ण भाज्य है,

तब y का सम्भावित मान = 3 या 7

11 से भाज्य होने के लिए विषम अंकों की संख्याओं के योग में से सम संख्याओं के योग को घटाने पर 0 या 11 प्राप्त होगा।

अतः $(2 + 4 + 4 + 0) - (y + x + 7 + 2)$

$= 0$ या 11

$x + y - 1 = 11$

जब $y = 3$

$x + 3 - 1 = 11$

$x = 9$

अतः $x = 9, y = 3$

$4x + 3y = 4 \times 9 + 3 \times 3$

$= 36 + 9 = 45$

141. (C) संख्या $15x1y2$, 44 से विभाजित है,

अतः यह 4 तथा 11 दोनों से विभाजित होगी।

4 से विभाज्यता होने के लिए संख्या के अंतिम दो अंक 4 से विभाजित होने चाहिए।

अतः $y = 3$

11 से विभाज्यता के लिए संख्या के सम एवं विषम स्थानों के अकों का अंतर 0 या 11 से विभाज्य होना चाहिए।

$[(1 + x + 3) - (5 + 1 + 2)]$

$= 0$ या 11

$[(1 + x + 3) - 8]$

$= 0$ या 11

$\Rightarrow (4 + x) - 8 = 0$

$-4 + x = 0$

$\Rightarrow x = 4$

$\therefore (x + y) = (4 + 3) = 7$

142. (B) प्रश्नानुसार, भाग देने पर,

```
66) 7251 (109
   66
  ----
   651
   594
  ----
    57
```

∴ अभीष्ट भागफल = 109

143. (B) प्रश्नानुसार, 4131 को 19 से भाग करने पर,

```
19) 4131 (217
    38
   ----
    33
    19
   ----
    141
    133
   ----
      8
```

अतः शेषफल = 8

अर्थात् $8 + 11 = 19$

अतः 4131 में कम-से-कम 11 जोड़ा जाना चाहिए ताकि वह 19 से पूरी तरह विभाजित हो।

144. (A)

145. (D) विकल्प (D) से, 5214341

$(5 + 1 + 3 + 1) - (2 + 4 + 4)$

$= 10 - 10$

$= 0$

11 से पूर्णतः विभाजित पर शेषफल या तो 0 हो या तो 11 को कोई गुणज हो।

146. (C) संख्या 1254216

संख्या के अन्तिम तीन पद 8 से विभाज्य हैं।

इसलिए यह संख्या 8 से विभाज्य होगी।

147. (A) संख्या 5769116

विकल्प (A) से, 576911$\underline{6}$

संख्या के अन्तिम दो अंक 4 से विभाज्य हैं।

अतः विकल्प (A) सही है।

148. (A) $5^{71} + 5^{72} + 5^{73} + 5^{74} + 5^{75}$

$\Rightarrow 5^{71}(1 + 5 + 5^2 + 5^3 + 5^4)$

$\Rightarrow 5^{71}(6 + 25 + 125 + 625)$

$\Rightarrow 5^{71} \times 781$

$\Rightarrow 5^{71} \times 71 \times 11$

अतः दिए गए विकल्प से, दिया गया व्यंजक 71 से विभाज्य होगा।

149. (D) हम जानते हैं कि

जहाँ n = विषम संख्या, $(a^n + b^n)$ के पास $(a + b)$ के रूप में एक गुणनखण्ड है।

$\therefore 8^{2k} + 5^{2k} = 64^k + 25^k$

∴ अभीष्ट गुणनखण्ड

$= 64 + 25$

$= 89$

150. (B) **8 से विभाज्य–**

(a) यदि संख्या का अन्तिम तीसरा अंक सम हो तो, अन्तिम 2 अंक, 8 से पूर्णतया विभाजित होंगे।

(b) यदि संख्या का अन्तिम तीसरा अंक विषम हो, तो अन्तिम 2 अंकों में 4 जोड़कर, 8 से विभाज्य होगा।

विकल्प (A), 5896

↓

सम

∴ 96, 8 से पूर्णतः विभाज्य है।

विकल्प (B), 6044

6044, 8 से पूर्णतः विभाज्य नहीं है।

151. (D) **4 से विभाज्य–** संख्या के अन्तिम दो अंक पूर्णतः 4 से विभाजित हों।

विकल्प (D), 73$\underline{48}$

↓

48, 4 से पूर्णतया विभाज्य है।

152. (A) **36 से विभाज्य–** यदि कोई संख्या 4 और 9 दोनों से पूर्णतया विभाजित हो, तो वह संख्या भी 36 से विभाज्य होगी।

विकल्प (A), 3376

4 से विभाज्य– $\frac{76}{4}$ = शेषफल (0)

3376, 4 से पूर्णतः विभाज्य है।

9 से विभाज्य–

अंकों का योग = 3 + 3 + 7 + 6

= 19

3376, 9 से पूर्णतः विभाज्य नहीं है।

153. (B) 36 और 45 का ल.स.प. लेने पर,

$36 = 4 \times 9$

$45 = 5 \times 9$

ल.स.प. $= 4 \times 5 \times 9$

$= 180$

चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 9999

अतः $\frac{9999}{180} = 55\frac{99}{180}$

अतः चार अंकों की संख्या जो 36 और 45 से विभाज्य होगी।

$= 180 \times 55$

$= 9900$

अभीष्ट संख्या = 10000 – 9900

$= 100$

154. (B) पाँच अंकों की सबसे छोटी संख्या = 10000

तब,

```
476 ) 10000 ( 21
      952
     ----
      480
      476
     ----
        4  शेष
```

अतः 5 अंकों की सबसे छोटी संख्या

$= 10000 + 476 - 4$

$= 10472$

155. (A) संख्या 1056 में 23 का भाग देने पर,

```
23 ) 1056 ( 45
      92
     ----
      136
      115
     ----
       21 शेष
```

अतः जोड़े जानी वाली संख्या

$= 23 - 21$

$= 2$

156. (C) **157.** (D) **158.** (B)

159. (B) $13^{123} = 13^{4 \times 30} \times 13^3$

अतः 13^{123} का इकाई अंक

$= 13^3$ का इकाई अंक

= 2197 का इकाई अंक

= 7

अतः 13^{123} का इकाई का अंक 7 है।

160. (C) 22^{471} में इकाई अंक

$= 22^{4\times117} \times 22^3$ में इकाई अंक

$= (2)^3$ में इकाई अंक $= 8$

161. (B) $237 \times 432 \times 156$ का इकाई अंक

$= 7 \times 2 \times 6$ का इकाई अंक

$= 84$ का इकाई अंक

$= 4$

अतः विकल्प (B) सही उत्तर है।

162. (A) प्रश्नानुसार,

$2^{194} + 7^{63}$ का इकाई अंक

$= 2^{(48\times4+2)} + 7^{(15\times4+3)}$ का इकाई अंक

$= 2^2$ का इकाई अंक $+ 7^3$ का इकाई अंक

$= 4$ का इकाई अंक $+ 343$ का इकाई अंक

$= 347$ का इकाई अंक

अतः अभीष्ट इकाई अंक $= 7$

163. (A) $x = (633)^{24} + (266)^{40}$

$\because (633)^{24}$ में इकाई का अंक

$= (3^4)^6$ में इकाई का अंक $= 1$

और $(266)^{40}$ में इकाई का अंक

$= (6)^{40}$ में इकाई का अंक $= 6$

$\therefore$ x के मान में इकाई का अंक

$= 1 + 6 = 7$

अतः विकल्प (A) सही है।

164. (B) संख्याओं में इकाई के अंक 6 व 1 हैं जिनका गुणनफल करने पर प्राप्त संख्या में इकाई का अंक $6 \times 1 = 6$ प्राप्त होता है। अतः विकल्प (B) 376 सही है।

165. (B) $\lfloor\underline{1} + \lfloor\underline{2} + \lfloor\underline{3} + ... + \lfloor\underline{50}$

का इकाई का अंक

$\lfloor\underline{1} = 1$

$\lfloor\underline{2} = 2$

$\lfloor\underline{3} = 6$

$\lfloor\underline{4} = 4$

$\lfloor\underline{5} = 0$

$: \quad 0$

$: \quad :$

$: \quad 0$

$\lfloor\underline{50} = 0$

अतः इकाई का अंक

$= 1 + 2 + 6 + 4 + 0 ..... + 0 + 0$

$= 13$

अतः इकाई का अंक $= 3$

166. (A) $(29)^{136}$

$\therefore$ यदि 9 की घात एक सम संख्या है तो इकाई अंक 1 होता है

$\therefore$ अभीष्ट इकाई का अंक $=1$

167. (D) $12^{123} = 2^{123}$

$\because \quad \frac{123}{4} = 30 \times 4 + 3$

$\Rightarrow \quad (2)^{30\times4+3}$

$= (2)^3$

$\therefore \quad 2^3 = 8$ (इकाई अंक),

अतः अभीष्ट इकाई का अंक 8 होगा।

168. (A) $3^{200} = (3^2)^{100} = (9)^{100}$

$2^{300} = (2^3)^{100} = (8)^{100}$

$7^{100} = (7^1)^{100} = (7)^{100}$

अतः सबसे बड़ी संख्या 3^{200} होगी।

169. (A) $x = [(433)^{24} - (377)^{38} + (166)^{54}]$ का इकाई अंक

$[\{(433)^4\}^6 - \{(377)^4\}^9 \times (377)^2 + \{(166)^4\}^{13} \times (166)^2]$ का इकाई अंक

$= [1 - 1 \times 9 + 6 \times 6]$ का इकाई अंक

$= -2$

$= 10 - 2$

$= 8$

170. (C) $(3)^{61284} = (3^4)^{15321} = (81)^{15321}$

$(81)^{15321}$ को 5 से भाग देने पर शेषफल $= 1 = x$

[नियम के अनुसार $(a^x)^y = a^{x\times y}$]

और अब

4^1 को 6 से भाग देने पर शेषफल $= 4$

4^2 को 6 से भाग देने पर शेषफल $= 4$

4^3 को 6 से भाग देने पर शेषफल $= 4$

अतः हम देख सकते हैं किसी 4 की घातांक को 6 से भाग देने पर 4 शेषफल बचता है।

$\therefore 4^{96}$ को 6 से भाग देने पर शेषफल

$= 4 = y$

$\therefore \quad 2x - y = 2 \times 1 - 4$

$= -2$

171. (A) $N = 4^{11} + 4^{12} + 4^{13} + 4^{14}$

$= 4^{11}(1 + 4 + 4^2 + 4^3)$

$= 4^{11}(1 + 4 + 16 + 64)$

$= 4^{11} \times 85 = (2^2)^{11} \times 17 \times 5$

$= 2^{22} \times 17^1 \times 5^1$

$\therefore$ धनात्मक गुणनखण्ड की संख्या में

[$\because$ नियम, $N = 2^a \times 3^b \times 5^c$ .....

गुणनखण्ड की कुल संख्या

$= (a+1)(b+1)(c+1)]$

$= (22+1)(1+1)(1+1)$

$= 23 \times 2 \times 2$

$= 92$

172. (B) 9 से विभाजित होने वाली 3 अंकों की सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या क्रमशः

$= 999$ और 108

$\therefore \quad a = 108, l = 999, d = 9$

अतः $l = a + (n-1)d$

$999 = 108 + 9n - 9$

$9n = 900$

$n = 100$

इसलिए अभीष्ट योग

$= \frac{n}{2}(2a + (n-1)d)$

$= \frac{100}{2}(2\times108 + (100-1)\times9)$

$= 50\,(216 + 891)$

$= 50 \times 1107$

$= 55350$

$\therefore$ विकल्प (B) सही उत्तर है।

173. (B) माना 1 से 200 तक 2 तथा 9 दोनों के गुणांक $= n$

2 तथा 9 का L. C. M. लेने पर

$= 18$

18 से विभाजित होने वाली अंतिम संख्या

$= 198$

समान्तर श्रेढ़ी से,

$\therefore \quad a = 18$

$T_n = 198$

अतः सर्वान्तर

$(d) = 18$

$\therefore \quad T_n = a + (n-1)d$

$\Rightarrow \quad 198 = 18 + (n-1)18$

$\Rightarrow \quad 198 = 18 + 18n - 18$

$\therefore \quad n = 11$

अतः विकल्प (B) सही उत्तर है।

174. (D) $1830 = 2 \times 3 \times 5 \times 61$

अतः 1 से 60 तक की पहली संख्याओं का योगफल 61 से विभाजित होगा।

175. (B) $\frac{3126^{20^{21^{22^{23}}}.....}}{5}$ का शेषफल

$\because$ 3126 के इकाई का अंक $= 6$

$\because$ 6 के ऊपर जितनी भी घात होती हैं उसका इकाई का अंक 6 ही होता है।

अतः शेषफल $= \frac{6}{5}$ का शेषफल

$= \boxed{1}$

176. (C) $\frac{3^{27}}{26} = \frac{(3^3)^9}{26} = \frac{(27)^9}{26}$ $\because (a^m)^n = a^{mn}$

शेषफल $(1)^9 = 1$ होगा।

177. (A) $2^{305} + 303$

यहाँ $= \frac{303}{9} = 33\frac{6}{9}$

$=$ शेषफल $= 6$

तथा $\frac{2^{305}}{9} = \frac{2^2\times2^{303}}{9}$

$$= \frac{4(2^3)^{101}}{9}$$

$$= \frac{4(8)^{101}}{9}$$

$$= \frac{4(9-1)^{101}}{9}$$

$$= \frac{36m}{9} + \frac{4(-1)^{101}}{9}$$

$$= 4m - \frac{4}{9}$$

यहाँ शेषफल $= -4$

अभीष्ट शेषफल $= 6 - 4$

$= \boxed{2}$

178. (A)

179. (A) हम जानते हैं कि,

भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल

$n = 9 \times q + 4$ ....(i)

समी. (i) के दोनों ओर में 15 से गुणा करने पर,

$15n = 135q + 60$

[जहाँ, q = भागफल]

$15n = 9\,[15q + 6] + 6$

इस प्रकार, $15n$ को 9 से भाग करने पर 6 शेषफल प्राप्त होता है।

अतः (A) सही है।

180. (D)**181.** (A)**182.** (A)**183.** (A)**184.** (C)

185. (B)**186.** (B)

187. (A) माना $n = 9$

तब

$$\begin{array}{l} 7)\ 9\ (1 \\ \underline{-7} \\ 2 \text{ शेषफल} \end{array}$$

यदि 7 से $9n$ को भाग दिया जाए

$$\begin{array}{l} 7)\ 81\ (11 \\ \underline{-7} \\ 11 \\ \underline{-7} \\ 4 \text{ शेषफल} \end{array}$$

अतः शेषफल 4 प्राप्त होता है।

188. (A) जब n एक विषम है, $(x^n + a^n)$ सदैव $(x + a)$ से विभाजित होगी।

यहाँ, $x = 71,\ a = 73,\ n = 83$

तो, $x + a = 71 + 73 = 144$

अब, 144, 36 से विभाजित है, तो शेषफल 0 होगा।

189. (B) जब n विषम संख्या हो, तो $(x^n + a^n)$ सदैव $(x + a)$ से विभाजित होगा।

$x = 31,\ a = 43,\ n = 47$

तो $x + a = 74$

और 74, 37 से पूरी तरह विभाजित है।

$\therefore$ शेषफल $= 0$.

190. (A) हम इसे लिख सकते हैं,

$29 = 33 - 4$

$37 = 33 + 4$

इसलिए, $\frac{(33-4)^{41}}{33} + \frac{(33+4)^{41}}{33}$

33^{41} , 33 से विभाज्य होगा लेकिन $(4)^{41}$ विभाज्य नहीं होगा।

$= (-4)^{41} + (4)^{41}$

$= 0$

191. (B) प्रश्न के अनुसार,

यदि $\frac{n}{5}$, तब शेषफल = 3

इसलिए अब माना स्थिति (1)

$\frac{n-3}{5} = x$

$n - 3 = 5x$

$(n = 5x + 3)$

स्थिति (2)

यदि $\frac{8n}{5}$ तब शेषफल = ?

अब हम n का मान रखेंगे

$\Rightarrow \frac{8(5x+3)}{5} = \frac{40x+24}{5}$

$\because \quad 24 = 5 \times 4 + 4$

$= \frac{40x + 5 \times 4 + 4}{5}$

$= \frac{40x + 5 \times 4 + 4}{5}$

इसलिए इस स्थिति में शेषफल = 4

192. (B) $(6n + 3)^2$ में $n = 1, 2, 3$ रखने पर,

जब $n = 1$

$(6 \times 1 + 3)^2 = (9)^2 = \frac{81}{9}$

$\Rightarrow$ शेष = 0

जब $n = 2, (6 \times 2 + 3)^2$

$= (15)^2 = \frac{225}{9}$

$\Rightarrow$ शेष = 0

जब $n = 3$

$(6 \times 3 + 3)^2 = (21)^2 = \frac{441}{9}$

$\Rightarrow$ शेष = 0

अतः n के किसी भी मान के लिए 9 से भाग देने पर शेषफल शून्य प्राप्त होगा।

अतः विकल्प (B) सही है।

193. (A)**194.** (D)**195.** (D)

196. (C) 14331433 × 1422 × 1425

संख्याओं के इकाई स्थान का आपस में गुणा करने पर

$3 \times 2 \times 5 = 30$

अब 30 को 10 से विभाज्य करने पर यह पूरी तरह से विभाज्य हो जायेगी।

अतः शेषफल 0 होगा।

197. (A) $\frac{141 \times 142 \times 143}{6} = 47 \times 71 \times 143$

$\because$ उपरोक्त गुणनफल, संख्या 6 से पूर्णतया विभाजित है।

$\therefore$ शेषफल = 0

198. (C) $\frac{252^{126} + 244^{154}}{10}$

$\Rightarrow \frac{(2)^{126} + (4)^{154}}{10}$ [$\because$ संख्या को 10 से विभाजित करने पर संख्या का इकाई अंक ही शेषफल होता है]

$\Rightarrow \frac{(2)^4(4)^4}{10} = \frac{4+6}{10} = \frac{10}{10} = 0$

(शेषफल)

अतः अभीष्ट शेषफल 0 होगा।

199. (B) $\frac{(7^{19}+2)}{6}$

$\Rightarrow \frac{(1)^{19}+2}{6} = \frac{1+2}{6} = 3$

अतः अभीष्ट शेषफल 3 है।

200. (D)**201.** (A)**202.** (B)**203.** (D)**204.** (D)

205. (A)

206. (B) $\frac{7^{42}}{48}$ का शेष $a = \frac{(49)^{21}}{48}$ का शेष

$= (1)^{21}$

$= 1$

अतः विकल्प (B) सही है।

207. (A) हम जानते हैं कि

भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल

$\therefore \quad n = 6m + 3$

[माना भागफल = m]

अब, $n^2 + 5n + 8 = (6m + 3)^2 + 5\,(6m + 3) + 8$

$= 36m^2 + 9 + 36m + 30m + 15 + 8$

$= 36m^2 + 66m + 32$

$= 36m^2 + 66m + 30 + 2$

$= 6(6m^2 + 11m + 5) + 2$

अतः अभीष्ट शेषफल = 2

208. (D) जब n को 5 से विभाजित किया जाता है तो शेषफल 2 प्राप्त होता है।

$n = 5q + 2$ ...(i)

जहाँ θ = भागफल है।

समी. (i) में दोनों पक्षों में 7 से गुणा करने पर

$7n = 35q + 14$

$7n = 35q + 10 + 4$

$7n = 5\,(7q + 2) + 4$

इस प्रकार, $7n$ को 5 से विभाजित करने पर शेषफल 4 आयेगा।

अतः विकल्प (D) सही है।

209. (B) n को 7 से भाग देने पर, शेषफल = 3
माना n को 7 से भाग देने पर भागफल
$= q$
तब, $n = 7q + 3$
$\therefore \quad 6n = 6(7q + 3)$
$= (42q + 14) + 4$
$= 7(6q + 2) + 4$
अतः संख्या $6n$ में 7 से भाग देने पर शेषफल 4 बचेगा।

210. (B) माना n को 4 से विभाजित करने पर भागफल x आता है।
$n = 4x + 3$
$x = 1$ रखने पर
$n = 4 + 3 = 7$
$\therefore \quad 2n = 14$
अतः $2n$ को 4 से भाग देने पर 2 शेष आयेगा।

211. (A) दिया
$\frac{a}{13} \Rightarrow$ शेषफल = 9
$\frac{b}{13} \Rightarrow$ शेषफल = 7
$\frac{c}{13} \Rightarrow$ शेषफल = 10
इसलिए
$\left(\frac{a+2b+5c}{13}\right) \Rightarrow$ शेषफल = ?
दी गयी शर्त के अनुसार, कुल शेषफल का योग लेना है।
$\Rightarrow \quad \frac{9+2\times7+5\times10}{13}$
$= \frac{9+14+50}{13}$
$= \frac{73}{13} = 5\frac{8}{13}$
$\therefore$ शेषफल = 8

212. (D) माना, जब 6 से भाग देने पर भागफल x आयेगा
$\therefore \quad$ संख्या $r = 6x + 5$
पुनः माना 5 से भाग देने पर भागफल y है।
$\therefore \quad$ संख्या $= 5y + 3$
स्पष्टः $\quad 6x + 5 = 5y + 3$
$\therefore \quad 6x = 5y - 2$
अब, $x = 3$ और $y = 4$ इस सबंध को संतुष्ट करता है।
इसलिए संख्या $= 6 \times x + 5$
$= 6 \times 3 + 5 = 23$
$\therefore$ दो अंकों की संख्या = 23
भाजक 5 और 6 का ल.स.प. = 30
$\therefore$ अभीष्ट संख्या
$= 30k + 23$
जहाँ $k = 32$,
यदि $k > 32$ है तो अंक "4". होगा।
$k = 32$
अभीष्ट संख्या
$= 30 \times 32 + 23$
$= 960 + 23 = 983$
983 को 11 से भाग देने पर शेषफल 4 बचता है।
उदाहरण :
11) 983 (89
-88
103
-99
4 शेषफल

213. (C) $\frac{35^{29}}{10}$
$\therefore$ 5 की घात $n = 1, 2, 3, 4, ... \infty$ होने पर उसका इकाई अंक हमेशा 5 ही आता है।
$\because \quad \frac{5}{10} = 5$ (शेषफल)

214. (A) $\frac{36^{29}}{10}$
6 की अधिकतम घात n होने पर उसका इकाई अंक हमेशा 6 ही होगा।
$\frac{6}{10} =$ शेषफल (6)

215. (B) $\frac{58^{29}}{5}$
$\Rightarrow \quad \frac{8^{29}}{5} = \frac{8^{4\times7+1}}{5}$
$= \frac{8^1}{5} = 3$ (शेषफल)

216. (B) $\frac{31\times32\times33}{5} = \frac{1\times2\times3}{5}$
$= \frac{6}{5}$
= शेषफल (1)

217. (B) 18, 24 और 25 का ल.स.प. लेने पर
$18 = 2 \times 3 \times 3$
$24 = 2 \times 2 \times 2 \times 3$
$25 = 5 \times 5$
ल.स.प. $= 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5 \times 5$
$= 1800$
6 अंकीय सबसे छोटी संख्या = 100000
अतः $= \frac{100000}{1800} = 55.55$
अतः 6 अंकीय संख्या जो 18, 24 और 25 से विभाज्य है
$= 1800 \times 56$
$= 100800$
संख्या के अंकों का योग
$= 1 + 8$
$= 9$

218. (A) 8, 16, 20 और 32 का ल.स.प.

2	8, 16, 20, 32
2	4, 8, 10, 16
2	2, 4, 5, 8
2	1, 2, 5, 4
2	1, 1, 5, 2
5	1, 1, 5, 1
	1, 1, 1, 1

8, 16, 20 और 32 का ल.स.प.
$= 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 5$
$= 160$
अतः विकल्प (A) सही है।

219. (D) 735 नहीं होगा क्योंकि इसके गुणनखण्ड में '3' आ रहा है जो कि (5×7) को विभाजित नहीं करता।

220. (D) प्रश्नानुसार, 121 से 999 तक तीन अंकीय संख्याओं की संख्या
$= 999 - 121 + 1 = 879$
तथा 1000 से 1346 तक चार अंकीय संख्याओं की संख्या
$= 1346 - 1000 + 1 = 347$
अतः अभीष्ट मान
$= 879 \times 3 + 347 \times 4$
$= 2637 + 1388 = 4025$

221. (A) 129! में शून्यों की संख्या = ?
किसी भी Factorial में शून्यों की संख्या ज्ञात करने के लिए 5 से भाग देते हैं और भागफल ज्ञात करते जाते हैं। फिर इन सभी प्राप्त भागफलों को जोड़ देते हैं।
अतः 129 ! में शून्यों की संख्या = 31

5	129
5	25
5	5
	1

योग = (25 + 5 + 1) = 31

222. (B) $17! = 17 \times 16 \times 15 \times 14 \times 13 \times 12 \times 11 \times 10 \times 9 \times 8 \times 7 \times 6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1$
यहाँ 5 और 2 के तीन युग्म हैं, अतः शून्य की संख्या 3 होगी। 17! में सैकड़े के स्थान पर '0' हैं।

223. (C) माना अभाज्य संख्याएँ
$a < b < c < d$
प्रश्नानुसार,
$abc = 255$
$bcd = 1955$
bcd को abc से विभाजित करने पर,
$\frac{bcd}{abc} = \frac{1955}{255}$
$\frac{d}{a} = \frac{23}{3}$
अतः सबसे बड़ी अभाज्य संख्या 23 है।

224. (B) प्रश्न से, 1 से 100 तक 7 के गुणांक

= 7, 14, 21, 28, 35, 42, 49, 56, 63, 70, 77, 84, 91, 98

अतः कुल 14 गुणांक हैं,

अतः कथन I असत्य है।

1 से 100 तक 19 के गुणांक

= 19, 38, 57, 76, 95

अतः 5 गुणांक हैं,

अतः कथन II सत्य है,

अतः केवल कथन II सत्य है।

225. (B) $720 = 2 \times 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5$

अभीष्ट गुणनखण्ड (1 और 720 को छोड़कर)

= 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10, 12, 15, 16, 18, 20, 24, 30, 36, 40, 45, 48, 60, 72, 80, 90, 120, 144, 180, 240, 360

गुणनखंडों की संख्या = 28

226. (B)

227. (A) दिया है—

6 लाल गेंदें ≡ 12 सफेद गेंदें

$\therefore$ 1 लाल गेंद $= \frac{12}{6}$ सफेद गेंदें

$\therefore 222$ लाल गेंदें $\equiv \frac{12}{6} \times 222$

= 444 सफेद गेंदें

अतः टोकरी में 444 सफेद गेंदें रखी गयी हैं।

228. (B) 5 व्यर्थ अण्डों के लिए सड़े हुए अण्डों की संख्या = 8

10 व्यर्थ अण्डों के लिए सड़े हुए अण्डों की संख्या $= \frac{8}{5} \times 10 = 16$

$\because$ 25 अंण्डों में से 1 सड़ा अंण्डा है, तो 16 सड़े अण्डों के लिए कुल अण्डों की संख्या

$= 25 \times 16 = 400$

229. (A) दिया है :

संख्या 476 ** 0, 3 और 11 दोनों से विभाज्य है।

हमे सैकड़ा और दहाई स्थान ज्ञात करना है।

विकल्प (i) से,

यहाँ अंक 8 और 5 हो

संख्या 476850 है।

अंको का योग = 4 + 7 + 6 + 8 + 5 + 0 = 30, जो 3 से विभाज्य है।

अब, 11 से विभाज्यता से हल करने पर

विषम स्थानों के अंकों का योग

= 4 + 6 + 5 = 15

सम स्थानों के अंकों का योग

= 7 + 8 + 0 = 15

दोनों अंकों का अन्तर

= 15 – 15 = 0

अतः यह 11 से भी विभाज्य है।

अतः सैकड़ा और दहाई स्थान पर अंक क्रमशः 8 और 5 है।

230. (D) तीन अंकों की संख्या $= 100x + 10y + z$

यदि अन्तिम दो स्थानों को आपस में बदल दिया जाये तो प्राप्त नयी संख्या

$= 100x + 10z + y$

प्रश्नानुसार,

$100x + 10y + z = 100x + 10z + y - 45$

$9y - 9z = -45$

$z - y = 5$

अतः अन्तिम अंकों का अन्तर = 5

231. (D) माना दहाई का अंक $= x$

इकाई का अंक $= x + 2$

द्विअंकीय संख्या $= 10x + x + 2$

$= 11x + 2$ ...(i)

पुनः प्रश्नानुसार,

$(11x + 2)(x + x + 2) = 144$

$(11x + 2)(2x + 2) = 144$

$(11x + 2)(x + 1) = 72$

$11x^2 + 2x + 11x + 2 = 72$

$11x^2 + 13x - 70 = 0$

$11x^2 - 22x + 35x - 70 = 0$

$11x(x - 2) + 35(x - 2) = 0$

$(x - 2)(11x + 35) = 0$

$x = 2, -\frac{35}{11}$

लेकिन $x = -\frac{35}{11}$

यह मान्य नहीं है।

$\because$ संख्या $= 11x + 2$

$= 11 \times 2 + 2 = 24$

232. (A) माना, संख्या n है।

1, 2, ... 20

संख्याओं का योग

$= \frac{n \times (n+1)}{2}$

$= \frac{20 \times 21}{2} = 210$

= 215

संख्या को दो बार जोड़ने पर योग

अतः वह संख्या जो दो बार जोड़ी गयी

= 215 – 210

= 5

अतः संख्या 5 है।

233. (B) 1 से 12 तक की प्राकृत संख्याओं का योग

= 1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9 + 10 + 11 + 12

= 78

वह संख्या जो दोबारा जोड़ी गयी

= 80 – 78

= 2

234. (D) 1 से 20 तक प्राकृतिक संख्याओं का योग

$\frac{20 \times 21}{2} = 210$

$\left[\text{सूत्र } \frac{n \times (n+1)}{2} \text{ से}\right]$

अभीष्ट मूल = 210 – 190

= 20

235. (C) यहाँ, $abc = 100a + 10b + c$

$bca = 100b + 10c + a$

$cab = 100c + 10a + b$

$\therefore abc + bca + cab$

$= (100a + 10b + c) + (100b + 10c + a) + (100c + 10a + b)$

$= 111a + 111b + 111c$

$= 111(a + b + c)$

इसलिए $(a + b + c)$, 37 और 3 111 $(a + b + c)$ से विभाज्य हो सकते हैं।

लेकिन, 31 इनको विभाजित नहीं करता है।

236. (B) दिया है,

25 छात्रों के पास टॉफियाँ क्रमशः 2, 4, 6.....50 हैं।

$\therefore$ टॉफियों का कुल योग

$= \frac{n}{2}[2a + (n-1)d]$

$= \frac{25}{2}[2 \times 2 + (25-1)2]$

$= \frac{25}{2}[4 + 48]$

$= 25 \times 26$

अतः टॉफियों की कुल संख्या को 5 और 13 से भाज्य किया जा सकता है।

237. (B) जब किसी धन पूर्णांक को d से विभाजित किया जाता है। तो शेषफल 15 प्राप्त होता है। जब उसी संख्या के दस गुने को d से विभाजित किया जाता है तो शेषफल 6 प्राप्त होता है।

$\because$ 15 का 10 गुना = 150

$\Rightarrow 150 - 6 = 144$ ($\because$ शेषफल 6 प्राप्त होता है) अतः 144, 16 से पूर्णतः विभाजित है। अतः विकल्प (B) सही है।

238. (B) ऐसी अभाज्य संख्याओं के संभावित मानः

(1) 1 से शुरू होने वाली अभाज्य संख्या के लिए केवल दो मान्य है = 13, 17

(2) इसी प्रकार 3, 7, 9, के लिए 31, 37, 71, 73, 79, 97 अभाज्य संख्याएँ हैं।

तो कुल अभाज्य संख्याएँ 8
(13, 17, 31, 37, 71, 73, 79, 97)

कुल योग = [13 + 17 + 31 + 37 + 71 + 73 + 79 + 97]
= 418

239. (B) चार क्रमागत अभाज्य संख्याएँ p, q, r और s जहाँ

$p < q < r < s$

$pqr = 385$ और $qrs = 1001$

$\therefore$ म.स.प. $= qr$

385) 1001 (2
− 770
231) 385 (1
− 231
154) 231 (1
− 154
77) 154 (2
− 154
×

$\therefore \quad qr = 77$

$\therefore \quad qrs = 1001$

$\therefore s = \frac{qrs}{qr} = \frac{1001}{77} = 13$

240. (B) प्रश्नानुसार, कार द्वारा 13वें वृक्ष तक पहुँचने में लगा समय = 20 सेकण्ड

तब कार द्वारा अन्तिम वृक्ष तक पहुँचने में लगा समय

$= \frac{(37 - 13) \times 20}{12} = 40$ सेकण्ड

241. (D) संख्या को निम्न प्रकार लिखा जा सकता है—

$100000x + 10000y + 1000z + 100x + 10y + z$

$= 100100x + 10010y + 1001z$

$= 1001\ (100x + 10y + z)$

$\because$ 1001 एक गुणनखंड है, इसलिए संख्या 1001 से विभाज्य होगी।

$7 \times 11 \times 13 = 1001$

जैसाकि संख्या 1001 से विभाज्य है यह संख्या 7, 11 और 13 से विभाज्य होगी, क्योंकि ये संख्याएँ 1001 की गुणनखंड हैं।

❑❑

चैलेंज कॉर्नर

1. (A) $P(n) = 2 \times 4^{2n+1} + 3^{3n+1}$

$= 2 \times 2^{2(2n+1)} + 3^{3n+1}$

$= 2^{4n+3} + 3^{3n+1}$

$P(1) = (2)^{4+3} + (3)^{3+1}$

$= (2)^7 + (3)^4$

$= 128 + 81$

$= 209$

जो 11 से विभाज्य है।

2. (D) विकल्प (D) से

कथन IV :

$\frac{555555}{7} = 79{,}365$

$\frac{555555}{11} = 50{,}505$

$\frac{555555}{13} = 42{,}735$

अतः कथन IV पूर्णतः सत्य है।

3. (B) माना समुच्चय S में n संख्या ऐसी है जो प्रश्नानुसार परिभाषित है अर्थात् n में 2, 3, 4, 5, 6 से भाग देने पर क्रमशः 1, 2, 3, 4 व 5 शेषफल रह जाता है। अतः संख्या $(n + 1)$ भी 2, 3, 4, 5 व 6 से विभाजित होगी, जिसका मान 2, 3, 4, 5 व 6 के ल.स.प. $60x$ के रूप में होगा तथा n का मान $(60x - 1)$ के रूप में होगा जहाँ x एक प्राकृत संख्या है।

चूँकि 0 तथा 100 के मध्य केवल 59 ही ऐसी संख्या है जो उपर्युक्त दशा को सही दर्शाती है। अतः सही विकल्प (B) होगा।

4. (A)

11	x	
7	$y \to 3$	(शेषफल)
5	$z \to 2$	(शेषफल)
	$1 \to 1$	(शेषफल)

अतः $z = 5 \times 1 + 1 = 6$

$y = 7z + 2$

$= 7 \times 6 + 2 = 44$

$x = 11y + 3$

$= 11 \times 44 + 3 = 487$

पुनः

5	487	
7	$97 \to 2$	(शेषफल)
11	$13 \to 6$	(शेषफल)
	$1 \to 2$	(शेषफल)

अतः दूसरे छात्र को प्राप्त शेषफल

= 2, 6, 2

पुनः

7	487	
5	$69 \to 4$	(शेषफल)
11	$13 \to 4$	(शेषफल)
	$1 \to 2$	(शेषफल)

अतः तीसरे छात्र को प्राप्त शेषफल

= 4, 4, 2

5. (C) $\frac{(127^{97} + 97^{97})}{32}$

$\frac{(128 - 1)^{97} + (96 + 1)^{97}}{32}$

अभीष्ट शेषफल $= -1 + 1 = 0$

6. (A) माना, $x = k + 4$, 7 से विभाज्य है।

और $y = k + 2n$, 7 से विभाज्य है।

$\Rightarrow y - x = 2n - 4$, भी 7 से विभाज्य होगा।

$\Rightarrow (2n - 4)$, शून्य तथा 7 के गुणांकों के बराबर होगा।

अतः n के न्यूनतम सम्भव मान के लिए,

$2n - 4 = 14$

या $n = 9$

7. (B) $500 = 5 \times 5 \times 5 \times 2 \times 2$

यदि $(a + b)^{a+b}$, 500 से विभाज्य है तो $(a + b).10$ से विभाज्य होनी चाहिए।

$(a + b)$ का न्यूनतम संभावित मान = 10

अतः ab का न्यूनतम संभावित मान $= 9 \times 1 = 9$

8. (D) $n = 1$ के लिए $S = \frac{2}{3}$

$n = 2$ के लिए $S = \frac{20}{27}$

$n = 3$ के लिए $S = \frac{1640}{2187}$

उपर्युक्त विकल्पों में से सभी विकल्प इन संख्याओं से अलग हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

9. (D) मान लीजिए तीन अंकों की संख्या = abc

2 अंकों की संख्या ab, 9 से विभाज्य है।

तो 2 अंकों की संख्या ab

= 18, 27, 36, 45, 54, 63, 72, 81, 90, 99

और 2 अंकों की संख्या ac, 13 से विभाज्य है

तो 2 अंकों की संख्या ac

= 13, 26, 39, 65, 78, 91.

फिर से, 2 अंकों की संख्या bc, 7 से विभाज्य है।

तो 2 अंकों की संख्या bc

= 28, 35, 42, 49, 91

3 अंकों की संख्या abc को पुनर्व्यवस्थित करने पर,

= 183 ×
276 ×
369 ×
542 ✓
635 ✓
728 ✓
901 ×
991 ✓

(a, b और c सभी अलग–अलग नहीं हैं)

3 अंकों की संख्या abc का गुणनफल

$= 6 \times 3 \times 5 = 90$

$= 7 \times 2 \times 8 = 112$

10. (A) माना, संख्याएँ $10x + y$ के रूप में हैं

प्रश्न के अनुसार,

$10x + y = x + y + xy$

$9x = xy$

$\therefore \quad y = 9$

संख्याएँ 19, 29, 39, 49, 59, 69, 79, 89 और 99 कुल 9 संख्याएँ हैं,

अतः, अभीष्ट भिन्न $= \frac{9}{91}$

$= 0.099 = 0.1$

11. (A) माना, N = xyz एक अंक है

तब, N को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है,

$N = 100x + 10y + z$

और x का उल्टा है

$M = 100z + 10y + x$

$M - N = 100z + 10y + x - 100x - 10y - z$

$= 99z - 99x$

$= 99(z - x)$

चूँकि, M – N को 7 और 99 से विभाजित किया जाता है,

$\therefore \quad (z - x) = 7$

साथ ही x शून्य नहीं हो सकता,

$x = 1, 2$ और $z = 8, 9$

$M - N = 99 \times 7 = 693$

N का सबसे छोटा मान 108 हो सकता है

N का सबसे बड़ा मान 299 हो सकता है

M के संगत मान हैं

$108 + 693 = 801$

और, $299 + 693 = 992$

इस प्रकार $106 < N < 305$ सही विकल्प होगा।

12. (C) यदि k और p, 5 से विभाज्य पूर्णांक हैं

मान लीजिए, $k = 15$ और 20

तो, k और p में से प्रत्येक 5 से विभाज्य है।

लेकिन $(k + p)$, 10 से विभाज्य नहीं है।

$(k + p)$, 10 से विभाज्य है यह सत्य नहीं है।

13. (A) मान लीजिए, कुछ उपयुक्त मान उदाहरण के लिए

$a = 1, b = 3$ और $c = 2$

अब विकल्पों में प्रतिस्थापित करें और जाँचें

विकल्प (A)

abc^2 विषम है

$= 1 \times 3 \times 2^2$

$= 1 \times 3 \times 4$

$= 12$ (सम) (गलत)

विकल्प (B)

$(a-b)^2 c$ सम है

$= (1-3)^2 \times 2$

$= 4 \times 2$

$= 8$ (सम) (सही)

विकल्प (C)

$(a-b)(b+c)(a+b-c)$ विषम है

$= (1-3)(3+2)(1+3-2)$

$= -2 \times 5 \times 2$

$= -20$ (सम) (सही)

विकल्प (D)

$(a+b-c)(a+b)$ सम है

$= (1+3-2)(1+3)$

$= 2 \times 4$

$= 8$ सम सही

अत:, विकल्प (A) गलत है।

14. (B) चूँकि 1! को छोड़कर सभी फैक्टोरियल सम संख्याएँ हैं, इसलिए आवश्यक योग विषम होना चाहिए।

15. (D) A. $(a \times a) - 3a - \sqrt{4a^2} = -6$

$a^2 - 3a - 2a + 6 = 0$

$a^2 - 5a + 6 = 0$

$(a-3)(a-2) = 0$

$a = 3$ और 2

B. $b^2 - \sqrt{81b^2} = -4 \times 5$

$b^2 - 9b + 20 = 0$

$(b-5)(b-4) = 0$

$b = 5$ और 4

C. $\frac{c^2\sqrt{625c^6}}{5c^3} + (4 \times 7) = 39c$

$\frac{c^2 \times 25c^3}{5c^3} + 28 = 39c$

$5c^2 - 39c + 28 = 0$

$5c^2 - 35c - 4c + 28 = 0$

$5c(c-7) - 4(c-7) = 0$

$(5c-4)(c-7) = 0$

$c = 0.8$ और 7

D. $d^2 - (3 \times 5)d = 7 \times (-8)$

$d^2 - 15d + 56 = 0$

$(d-8)(d-7) = 56$

$d = 8$ और 7.

A, B, C और D की के मूल क्रमश: 3, 5, 7 और 8 हैं।

वहाँ, 3, 5, 7 और 8 LCM $= 3 \times 5 \times 7 \times 8 = 840$

16. (D) A में मूलों में अंतर $= 3 - 2 = 1$

B में मूलों में अंतर $= 5 - 4 = 1$

C में मूलों में अंतर $= 7 - 0.8 = 6.2$

D में मूलों में अंतर $= 8 - 7 = 1$

इसलिए, केवल A, B और D में 1 का अंतर है।

17. (B) ऐसी अभाज्स संख्या के संभावित मामले—

(1) 1, से शुरू होने वाली अभाज्य संख्या के लिए, केवल दो मान्य हैं = 13, 17

(2) इसी प्रकार 3, 7, 9, के लिए क्रमश: 31, 37, 71, 73, 79, 97 अभाज्य संख्याएँ हैं।

अत: कुल अभाज्य संख्याएँ = 8 हैं।

अर्थात् (13, 17, 31, 37, 71, 73, 79, 97)

कुल जोड़ = [13 + 17 + 31 + 37 + 71 + 73 + 79 + 97] = 418

18. (B) चार क्रमिक अभाज्य संख्याओं को p, q, r और s, के रूप में लें,

जहाँ, $p < q < r < s$

$pqr = 385$ और $qrs = 1001$

$\therefore$ HCF $= qr$

385) 1001 (2

$-\underline{770}$

231) 385 (1

$-\underline{231}$

154) 231 (1

$-\underline{154}$

77) 154 (2

$-\underline{154}$

$\times$

$\therefore qr = 77$

$\therefore qrs = 1001$

$\therefore s = \frac{qrs}{qr} = \frac{1001}{77} = 13$

19. (A) N = 12345678AB

यहाँ, N, 9 से विभाज्य है।

अर्थात्, 1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + A + B, 9 से विभाज्य है।

$\Rightarrow \frac{36 + A + B}{9}$ = शेषफल 0 है

(A + B) को 9 से विभाजित किया जाना चाहिए।

$\therefore$ कथन I सही है।

यदि A + B = 9 या 18 है।

A = 5 लें, ता B = 4

$\Rightarrow 5 + 4 = 9$, लेकिन B विषम नहीं है।

$\therefore$ कथन II गलत है।

20. (D) $x^{8k+3} + x^{8k+6} + x^{8k+9} + x^{8k+12}$ को $(1 + x^3)(1 + x^6)(1 + x^3)(x^1 + x^6)$ से विभाजित किया जाता है।

$(1 + x^3)(1 + x^6)(1 + x^3)(x^1 + x^6)$

$= 1 + x^6 + x^9 + x^3 = x^9 + x^6 + x^3 + 1$

$ab = \frac{x^{8k+3} + x^{8k+6} + x^{8k+9} + x^{8k+12}}{\left(1 + x^3 + x^6 + x^9\right)}$

$= \frac{x^{(8k+3)}\left(1 + x^3 + x^6 + x^9\right)}{\left(1 + x^3 + x^6 + x^9\right)} = x^{8k+3}$

$x^{8k+3} + x^{8k+6} + x^{8k+9} + x^{8k+12}$ को $(1 + x^3)(1 + x^6)$ से विभाजित किया जाता है।

$= x^{8k+3}$

अत: विकल्प (D) सही विकल्प है।

21. (B) यहाँ, $d(n)$, एक धनात्मक पूर्णांक n के धनात्मक भाजकों की संख्या को दर्शाता है।

$\therefore d(5) = 2, d(11) = 2$

$d(55) = d(5 \times 11) = 2 \times 2 = 4$

$d(16) = (4 + 1) = 5$

$\therefore \quad d(5) = d(11)$ I सही है।

$d(5)\, d(11) = 2 \times 2 = 4$

$\therefore \; d(55)$ II सही है।

$d(5) + d(11) = 2 + 2$

$= 4\, d\,(16)$ ... तीसरा गलत है।

I और II सही हैं।

22. (D) दिया गया है, $A_n = P_n + 1$, जहाँ P_n प्रथम n अभाज्य संख्याओं का गुणनफल है

P_n हमेशा एक सम संख्या होती है।

$\therefore A_n$ एक विषम संख्या है।

$\therefore A_n + 1$ हमेशा एक सम संख्या होती है।

$\therefore A_n + 2$ हमेशा एक विषम संख्या होती है।

अत:, कथन II और III सही हैं।

23. (A) I. माना, $p = 4, q = 3, r = 5$

यहाँ, p, q और r के सापेक्ष अभाज्य है।

qr का गुणनफल $= 3 \times 5 = 15$

इस स्थिति में भी p, qr के गुणनफल के सापेक्ष अभाज्य है।

II. माना, $p = 4, q = 8$ और $r = 3$

यहाँ, qr का गुणनफल $= 8 \times 3 = 24$

p, qr के गुणनफल को विभाजित करता है, लेकिन r को विभाजित नहीं कर सकता।

मान लीजिए $p = 4, q = 8$ और $r = 12$

qr का गुणनफल = 96

p, qr के गुणनफल को विभाजित करता है और r को भी विभाजित करता है।

हम यह नहीं कह सकते कि p, r को विभाजित करेगा।

अतः, कथन I सही है और कथन II गलत है।

24. (C) प्रत्येक अभाज्य संख्या $(6n-1)$ या $(6n+1)$ के रूप की होती है, लेकिन प्रत्येक संख्या जो $(6n-1)$ या $(6n+1)$ के रूप की होती है, जरूरी नहीं कि वह अभाज्य हो।

25. (B) प्रश्न के अनुसार,

$2^m - 1 = 2^k + 2^n - 1$

$\Rightarrow 2^m = 2^k + 2^n$

विकल्प (B) लेने पर, $m = n + 1$

$\therefore \quad 2^{n+1} = 2^k + 2^n$

$\Rightarrow 2 \cdot 2^n = 2^k + 2^n$

$2^n(2-1) = 2^k$

$2^n = 2^k$

$\therefore \quad n = k$, जो संभव है।

26. (A) I. $S_n = \frac{n(n+1)}{2} = 861$

$\Rightarrow n^2 + n - 861 \times 2 = 0$

$\Rightarrow (n+42)(n-41) = 0$

$\therefore n = -42, 41$

अतः कथन I सही है।

27. (A) दी गई संख्याएँ, 11, 111, 1111, 11111, ...

I. यहाँ, $4m + 3$ ... (i)

$m = 2$ रखने पर

$4 \times 2 + 3 = 11$

$m = 27$ रखने पर

$4m + 3 = 4 \times 27 + 3 = 108 + 3 = 111$

अतः, दी गई संख्या $4m + 3$ का रूप है।

II. यह सत्य नहीं है, क्योंकि किसी भी संख्या का वर्ग $4m$ या $4m + 1$ के रूप का होता है।

अतः, कथन I सही है और कथन II गलत है।

28. (C) p का मान 3, 7, 11, 13 हो सकता है।

$\frac{1}{3} = 0.\overline{3}$, अवधि $= 1$

यहाँ, $p - 1 = 2$ और 1, 2 का एक गुणनखंड है।

$\frac{1}{7} = 0.\overline{142857}$, अवधि $= 6$

यहाँ, $p - 1 = 6$ और 6, 6 का एक गुणनखंड है।

$\frac{1}{11} = 0.\overline{09}$, अवधि $= 2$

यहाँ, $p - 1 = 10$ और 2, 10 का एक गुणनखंड है।

इसलिए, दशमलव एक शुद्ध आवर्ती दशमलव होगा और इसकी अवधि $(p-1)$ का कुछ गुणनखंड होगी।

29. (C) चूँकि, D, BC का एक बिंदु है। चूँकि BC परिमेय है इसलिए BD परिमेय होना चाहिए लेकिन AD परिमेय होने की आवश्यकता नहीं है।

❑❑